
एक नजर में

## वरुण ने बीच के ओवरों में अपनी गति धीमी की




**अहदमदाबाद.** पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायडू का मानना है कि वरुण चक्रवर्ती ने पिच के मिजाज को भांपते हुए अपनी और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की वापसी को पटरी पर बनाए रखने के लिए सनाइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बीच के ओवरों में अपनी गति धीमी कर ली. रायडू ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा, 'वरुण ने शुरू में थोड़ी तेज गति से गेंदबाजी शुरू की, और फिर जब उन्हें कुछ चौके-छक्के पड़े, तो उन्होंने बीच के ओवरों में अपनी गति धीमी कर ली. मुझे लगता है कि इस टूर्नामेंट में उन्होंने बहुत ही शानदार वापसी की है, अब वह क्रीज का बहुत अच्छे से इस्तेमाल कर रहे हैं, साथ ही गेंदबाजी के एंगल और अपनी गति का भी सही तालमेल बिठा रहे हैं. जब भी वह इस तरह की पिच पर धीमी गेंदबाजी करते हैं, तो उनके खिलाफ खेलना बिल्कुल भी आसान नहीं होता. मुझे लगता है कि उन्होंने, ख़ास तौर पर अपने स्पिनरों के साथ, गेंदबाजी की एक सही लेंथ ढूंढ़ ली है.




## एआई चश्मों पर क्रिकेट का लाइव अपडेट

**नयी दिल्ली.** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के क्रिकेट सीजन में प्रशंसक मेटा, रे-बैन मेटा और ओकले मेटा चश्मों पर लाइव क्रिकेट अपडेट पा सकते है. इस नए फ़ीचर की मदद से भारत में क्रिकेट प्रशंसक अब अपने फोन को हाथ लगाए बिना हर मैच की पूरी जानकारी रख सकते हैं. मेटा एआई से अपनी पसंदीदा टीम के मैच को फॉलो करने के लिए कहें और एआई द्वारा बताए गए स्कोर अपडेट, विकेट अलर्ट, अहम पड़ावों की झलकियां और मैच के नतीजे सीधे अपने एआई चश्मों पर, उसी समय पाएं. इसमें विज्ञापनों का ब्रेक नहीं होगा. आपको बस इतना कहना है हॉय मेटा फोलो और अपनी पसंदीदा टीम का नाम या आने वाले मैच का नाम बताएं, ताकि आपको उसी समय के अपडेट मिल सकें. चाहे आप किसी मीटिंग में हों, रात का खाना खा रहे हों, या सफ़र कर रहे हों, यह नया अनुभव आपको मैच को लाइव फ़ॉलो करने में मदद करेगा, ठीक वैसे ही जैसे मैदान पर मैच चल रहा हो. यह फीचर अभी भारत में होने वाले क्रिकेट मैचों के लिए अंग्रेजी भाषा में उपलब्ध है.

## फिल सॉल्ट उंगली में लगी चोट, इंग्लैंड लौटे



**चेन्नई.** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के बल्लेबाज फिल सॉल्ट उंगली में लगी चोट के स्कैन के लिए इंग्लैंड लौट गए हैं. सॉल्ट इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के टीम प्रबंधन के अनुरोध पर स्वदेश लौट गए हैं और अपनी उंगली का स्कैन कराया है. खिलाड़ी और टीम दोनों को उम्मीद है कि उनकी उंगली जल्द ठीक हो जाएगी और सॉल्ट इस महीने भारत लौट सकेंगे. सॉल्ट की गैरमौजूदगी में उनके साथी खिलाडी जेकब बेथेल को विराट कोहली के साथ ओपनिंग का अवसर मिला सकता है, वह सीजन की शुरुआत में बेंच पर बैठे थे. तीन पारियों में 39 रन बनाकर बेथेल अभी तक बड़ा प्रभाव नहीं डाल पाए हैं, लेकिन अब उन्हें शीर्ष क्रम में खेलने मौका मिलने की संभावना है. अगर सॉल्ट की चोट सीजन खत्म करने वाली साबित होती है, तो आईपीएल नियमों के तहत आरसीबी उनके रिप्लेसमेंट पर साइन कर सकती है, लेकिन टीम उन्हें ठीक होने का पूरा अवसर देना चाहती है. आरसीबी का अगला मैच गुरुवार रात लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ है. आरसीबी ने सॉल्ट की चोट की प्रकृति को सार्वजनिक रूप से नहीं बताया है.

# लखनऊ ने दिया मुंबई को 229 रनों का लक्ष्य

## निकोलस पूरन ने 21 गेंदों में तूफानी 63 रन बनाए, मिचेल मार्श ने 44 रन की अहम पारी खेली







**मुंबई, 4 मई. आईपीएल 2026 में सोमवार को मुंबई के मैदान पर खेले गए मुकाबले में लखनऊ सुपर जाएंट्स ने दमदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए मुंबई इंडियंस के सामने 229 रनों का बड़ा लक्ष्य रख दिया. पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 228 रन बनाए. इस मुकाबले में लखनऊ के बल्लेबाजों ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और मुंबई के गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा.**

पारी की शुरुआत मिचेल मार्श और जोश इंग्लिस ने की. इंग्लिस ने तेज शुरुआत जरूर दी, लेकिन वह ज्यादा देर टिक नहीं सके और पांच गेंदों पर 13 रन बनाकर आउट हो गए. इसके बाद मार्श ने पारी को संभाला और आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी जारी रखी. उन्होंने 25 गेंदों में चार चौके और तीन छक्कों की मदद से 44 रन बनाए.

मार्श के साथ निकोलस पूरन ने पारी को नई ऊंचाई दी. पूरन ने मैदान के चारों ओर शॉट लगाते हुए मुंबई के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की. उन्होंने महज 21 गेंदों में 63 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें एक चौका और आठ छक्के शामिल रहे. पूरन और मार्श के बीच दूसरे विकेट के लिए 94 रनों की तेज साझेदारी हुई, जिसने मैच का रुख पूरी तरह लखनऊ के पक्ष में कर दिया.


कप्तान ऋषभ पंत से टीम को बड़ी पारी की उम्मीद थी, लेकिन वह 10 गेंदों में 15 रन बनाकर आउट हो गए. इसके बाद मध्यक्रम में कुछ छोटे-छोटे योगदान जरूर आए, लेकिन टीम की असली मजबूती पहले ही बन चुकी थी. अंत के ओवरों में लखनऊ के बल्लेबाजों ने तेजी से रन जोड़ते हुए स्कोर को 200 के पार पहुंचाया और फिर 228 तक ले गए. मुंबई इंडियंस की गेंदबाजी इस मैच में कमजोर नजर आई. शुरुआती झटकों के बावजूद टीम लखनऊ के रन गति पर अंकुश नहीं लगा सकी. जसप्रीत बुमराह और दीपक चाहर जैसे अनुभवी गेंदबाज भी महंगे साबित हुए. हालांकि, रघु शर्मा ने एक विकेट लेकर जरूर प्रभाव छोड़ा, जो उनके आईपीएल करियर का पहला विकेट रहा.

### सही साबित नहीं हुआ गेंदबाजी का फैसला

टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला मुंबई के लिए सही साबित नहीं हुआ. कप्तान सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में टीम को अब इस बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार बल्लेबाजी करनी होगी. मुंबई की टीम पहले ही अंक तालिका में नीचे चल रही है और प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए इस मैच में जीत बेहद जरूरी है. अब देखने वाली बात यह होगी कि क्या मुंबई इंडियंस इस विशाल लक्ष्य का सफल पीछा कर पाती है या लखनऊ सुपर जाएंट्स अपनी मजबूत बल्लेबाजी के दम पर मैच अपने नाम कर लेती है. मुकाबला पूरी तरह रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुका है और दर्शकों को एक हाई-स्कोरिंग मैच देखने को मिल रहा है.

## तीरंदाजी विश्वकप दूसरे चरण में भाग लेगी भारतीय टीम

**शंघाई, 04 मई अनुभवी तीरंदाजों ज्योति सुरेखा वेन्नम और दीपिका कुमारी की अगुवाई में 16-सदस्यीय भारतीय टीम यहां मंगलवार से शुरु हो रहे आर्चरी वर्ल्ड कप 2026 के दूसरे चरण में हिस्सा लेगी.**



चार चरणों वाले आर्चरी वर्ल्ड कप सर्किट के इस दूसरे चरण में 5 से 10 मई तक 44 देशों के 300 से ज़्यादा तीरंदाज अपनी प्रतिभा दिखाएंगे. इस प्रतियोगिता में साल्टिलो में होने वाले वर्ल्ड कप फ़ाइनल के लिए क्वालिफ़िकेशन स्थान दांव पर होंगे. पिछले महीने मेक्सिको के पुएब्ला में हुए सीजन के पहले चरण में भारत को आर्चरी में केवल एक पदक मिला था. उस प्रतियोगिता में एशियाई खेलों की चैंपियन ज्योति, मधुरा धामनगांवकर और प्रगति की महिला कंपाउंड टीम ने स्वर्ण पदक जीता था.

## सुरेंद्र सिंह और गुरदित सिंह ने जर्मनी में जीते सात स्वर्ण

**नयी दिल्ली.** द्रोणाचार्य भूपेंद्र धवन के शिष्य सुरेंद्र सिंह और गुरदित सिंह ने 1 से 3 मई 2026 तक जर्मनी के बिटबर्ग में आयोजित जर्मन पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में भारत के लिए गौरव हासिल किया. एक ऐतिहासिक पल में, द्रोणाचार्य भूपेंद्र धवन के शिष्य सुरेंद्र सिंह और गुरदित सिंह ने जर्मन पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में भारत के लिए 7 स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया. सुरेंद्र सिंह ने मास्टर्स बेंचप्रेस में 1 स्वर्ण, ओपन बेंचप्रेस में 1 स्वर्ण, मास्टर्स डेडलिफ्ट में 1 स्वर्ण और ओपन डेडलिफ्ट में 1 स्वर्ण पदक जीता.

## सिनर ने जीता मैड्रिड ओपन खिताब

### ज्वेरेव को हराया, शानदार फॉर्म में सिनर

**मैड्रिड, 04 मई 2026 विश्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए मैड्रिड ओपन 2026 का खिताब जीत लिया है. फाइनल मुकाबले में उन्होंने जर्मनी के अनुभवी खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव को एकतरफा अंदाज में 6-1, 6-2 से हराकर यह ट्रॉफी अपने नाम की.**



यह मुकाबला केवल 57 मिनट तक चला, जिसमें सिनर ने शुरुआत से ही पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा और अपने आक्रामक खेल से ज्वेरेव को कोई वापसी का मौका नहीं दिया. जैनिक सिनर के लिए यह जीत उनके करियर का एक और बड़ा मील का पत्थर साबित हुई है, क्योंकि यह उनका पहला मैड्रिड ओपन खिताब है. इस जीत के साथ उन्होंने पुरुष टेनिस में एक नया इतिहास भी रच दिया है. सिनर अब लगातार पांच एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं. उन्होंने यह उपलब्धि पेरिस, इंडियन वेल्स, मियामी, मोंटे-कार्लो और अब मैड्रिड जैसे बड़े टूर्नामेंट जीतकर हासिल की है.

## भारत ने एथलेटिक्स रिले में बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**गैबोरोन (बोत्सवाना), 04 मई वर्ल्ड एथलेटिक्स रिले 2026 में हिस्सा लेने वाली पांचों भारतीय टीमों में से कोई भी टीम वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी, लेकिन मिश्रित 4 गुणा 100 मीटर टीम ने नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम कर लिया.**



शनिवार को अपना पहला मौका गंवाने के बाद टीमों को रविवार को अपनी-अपनी हीट में शीर्ष दो स्थानों में जगह बनानी थी, ताकि वे सीधे पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चीन के बीजिंग होने वाली 2027 वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर सकें. रघु कुमार, नित्या गांधे, अनिमेष कुजुर और स्नेहा सत्यनारायण शानुवल्ली की भारतीय मिश्रित 4 गुणा 100 मीटर रिले टीम ने 41.35 सेकेंड का समय निकाला और इस स्पर्धा में नया नेशनल रिकॉर्ड दर्ज किया. इसी के साथ आठ टीमों की हीट में छठे स्थान पर रही. इसके अलावा भारत ने मिश्रित 4 गुणा 400 मीटर में तीर्थेश पी. शेट्टी, कुमारी सलोनी, निहाल विलियम और रशदीप कौर की दूसरी टीम उतारी. इस चौकड़ी ने अपनी हीट में 3:19.40 के समय के साथ पांचवां स्थान हासिल किया. शनिवार को क्वालीफायर के पहले राउंड में दौड़ने वाले ओलंपियन अमोज जैकब और अंसा बाबू को रविवार को आराम दिया गया. हालांकि, जैकब ने धर्मवीर चौधरी, साथी ओलंपियन राजेश रमेश और विशाल थेन्नारासु कायलविझी के साथ पुरुषों की 4 गुणा 400 मीटर दौड़ में हिस्सा लिया, लेकिन क्रैम्प्स के कारण वह दौड़ पूरी नहीं कर सके.

## जेम्स होप्स बने नए मुख्य कोच


**सिडनी, 04 मई सिडनी सिक्सर्स ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर जेम्स होप्स को दो साल के अनुबंध पर नया मुख्य कोच नियुक्त किया है.**



सिक्सर्स क्लब ने आज यहां यह जानकारी दी है. 47 वर्षीय होप्स के लिए यह हेड कोच के तौर पर पहली भूमिका होगी. होप्स ने पहले भी असिस्टेंट कोच की भूमिकाएं निभाई हैं, खासकर फ्रैंचाइजी क्रिकेट में गेंदबाजी कोच के तौर पर.

होप्स अभी चल रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पंजाब किंग्स के साथ गेंदबाजी कोच के तौर पर काम कर रहे हैं. अब वह बीबीएल के इतिहास की सबसे सफल फ़्रैंचाइज़ियों में से एक की कमान संभालेंगे. सिक्सर्स ने तीन बार यह खिताब जीता है और कई बार उपविजेता भी रहे हैं, जिसमें हाल ही का सीज़न भी शामिल है. इसके बाद ग्रेग शिप्पर्ड को हेड कोच के पद से हटा दिया गया था.

## ऑरेंज कैप अभिषेक के नाम रबाडा पर्पल कैप की दौड़ में





**अहदाबाद, 04 अप्रैल अभिषेक शर्मा कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मात्र 15 रन बनाकर एक बार फिर से ऑरेंज कैप तालिका में शीर्ष पर पहुंच गये है. वहीं कगिसो रबाडा 16 विकेटों के साथ पर्पल कैप की दौड़ में शामिल हो गये है.**

ऑरेंज कैप तालिका में कम अंतर पर कब्जा देखने को मिल रहा हैं. जैसे केकेआर के खिलाफ अभिषेक शर्मा ने केवल 15 रन बनाए, लेकिन यह केएल राहुल (दिल्ली कैपिटल्स) से सात रन आगे निकलने और शीर्ष स्थान वापस हासिल करने के लिए काफ़ी था. हाइनरिक क्लासन अवसर का फायदा नहीं उठा सके, इसलिए राहुल (433 रन) का दूसरा स्थान सुरक्षित है. क्लासन ने केकेआर के खिलाफ 11 रन बनाए और अब उनके 425 रन हैं. उनके बाद राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के वैभव सूर्यवंशी (404 रन) हैं और फिर शीर्ष पांच में नया नाम जुड़ा है. गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज़ बी साई सुदर्शन ने हालिया शानदार फ़ॉर्म जारी रखते हुए 41 गेंदों में 57 रन बनाए और 385 रन तक पहुंच गए हैं. शुभमन गिल, प्रभसिमरन सिंह, जॉस बटलर और श्रेयस अय्यर रविवार को अधिक रन नहीं बना सके, लेकिन इशान किशन ने 42 रन बनाकर कुल 354 रनों के साथ नौवें स्थान पर जगह बनाई, जबकि ट्रैविस हेड ने भी अपनी हालिया फ़ॉर्म जारी रखते हुए 28 गेंदों में 61 रन बनाए और 12वें स्थान तक पहुंच गए. वहीं पर्पल कैप तालिका की बात की जाये तो कगिसो रबाडा ने पिछले छह मैचों में 12 विकेट ले लिए हैं और तेज़ी से ऊपर चढ़ते हुए 16 विकेट के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जो कि रॉयल चैजेंजर्स बेंगलुरु के भुवनेश्वर कुमार और चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कम्बोज से केवल एक विकेट पीछे हैं.

आईपीएल 2026 ▶ टीम रणनीति तय, प्लेऑफ की जंग

# चेन्नई-दिल्ली मुकाबले से पहले बड़ी तैयारी

**नई दिल्ली, 04 मई .आईपीएल 2026 में मंगलवार को होने वाला मुकाबला अब सिर्फ एक सामान्य मैच नहीं रह गया है, बल्कि प्लेऑफ की दौड़ में अहम मोड़ साबित होने जा रहा है. चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होने वाले इस हाई-वोल्टेज मैच को लेकर दोनों टीमों ने अपनी-अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं.**




अंक तालिका में स्थिति लगातार बदल रही है और ऐसे में हर मैच का परिणाम सीधे प्लेऑफ की तस्वीर पर असर डाल रहा है. चेन्नई सुपर किंग्स इस समय नौ मैचों में चार जीत के साथ छठे स्थान पर है. टीम के लिए यह मुकाबला बेहद जरूरी है क्योंकि आगे की राह आसान नहीं रहने वाली. टीम को प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए अपने बचे हुए मैचों में लगातार बेहतर प्रदर्शन करना होगा. ऐसे में दिल्ली के खिलाफ यह मुकाबला 'करो या मरो' जैसा बन गया है. टीम प्रबंधन जानता है कि यहां एक भी हार स्थिति को और मुश्किल बना सकती है.

वहीं दूसरी ओर दिल्ली कैपिटल्स भी इस सीजन में मजबूत प्रदर्शन के इरादे से मैदान में उतर रही है. उसकी नजर भी अंक तालिका में ऊपर जाने पर है और घरेलू परिस्थितियों में खेलने का उसे फायदा मिल सकता है. दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला संतुलित और रोमांचक होने की पूरी उम्मीद है, जहां छोटे-छोटे पल मैच का रुख बदल सकते हैं. चेन्नई के लिए इस समय सबसे बड़ी चुनौती टीम संयोजन और लगातार बदलती परिस्थितियां हैं. विकेटों की प्रकृति इस सीजन में काफी चुनौतीपूर्ण रही है, जिससे बल्लेबाजों को रन बनाने में अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ रही है. हालांकि कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने पिछले दो मैचों में शानदार अर्धशतक लगाकर टीम को राहत दी है.

> गेंदबाजी विभाग में चेन्नई को संतुलन बनाए रखना होगा, क्योंकि दिल्ली के बल्लेबाज इस सीजन में आक्रामक अंदाज में खेल रहे हैं. पावरप्ले और डेथ ओवर्स दोनों ही चरणों में अनुशासित गेंदबाजी की आवश्यकता होगी. शुरुआती ओवरों में विकेट निकालकर विपक्षी टीम पर दबाव बनाया जाए. मध्यक्रम की भूमिका भी इस मैच में बेहद अहम रहने वाली है. अगर शुरुआती विकेट जल्दी गिरते हैं तो टीम को संभालने की जिम्मेदारी अनुभवी खिलाड़ियों पर होगी. वहीं फिनिशरों को भी आखिरी ओवरों में तेजी से रन बनाकर मैच का रुख बदलना होगा. चेन्नई सुपर किंग्स के लिए यह मुकाबला सिर्फ दो अंक हासिल करने का नहीं बल्कि आत्मविश्वास बनाए रखने का भी अवसर है.